हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ गिफ्तार





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मो. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


### युवक की मौत व लाठी चार्ज के लिए कलेक्टर ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश

# जुआ पकड़ने गई पुलिस से बचकर भागने के दौरान कुएं में गिरकर युवक की मौत, भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

**खास बातें**

- पत्थरबाजी में एएसपी, एसडीओपी, टीआई समेत कई पुलिसकर्मी घायल
- लाठी चार्ज में महिलाएं भी घायल

जुआ पकड़ने गई पुलिस से बचकर भागने के दौरान कुएं में गिरकर युवक की मौत, पुलिस की ओर से किए गए लाठी चार्ज के मामले में अब कलेक्टर के निर्देश पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। कलेक्टर सूरजपुर ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया है। इधर इस घटना को लेकर लोगों में अभी भी आक्रोश का माहौल है। नगरवासी पुलिस पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगा रहे है इसके साथ ही युवक की मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे है।

बता दें कि दीपावली त्यौहार के एक दिवस पूर्व ग्राम कुंजनगर में चल रहे जुए के फड़ में रेड मारने गई जयनगर पुलिस के जवानों को देख भागने के दौरान कुएं में गिर जाने कुंजनगर निवासी 21 वर्षीय बाबूलाल राजवाड़े की मौत हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद कुंजनगर सहित आस पास के गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रविवार की देर रात दस बजे जयनगर थाना का घेराव कर दिया था। ग्रामीणों का आरोप था कि भागते समय कुएं में गिरे युवक को पुलिस ने बचाने का प्रयास नहीं किया। युवक की मौत को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस थाने पर ही हमला कर दिया। ग्रामीणों ने थाना व पुलिसकर्मियों पर जमकर पत्थर बाजी की। इस पत्थर बाजी की घटना में एएसपी संतोष महतो, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, करंजी चौकी प्रभारी संतोष सिंह सहित कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने थाने सामने ही आग जलाकर प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के घायल होने व स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठी भांजी ताकि भीड़ को तितर बितर किया जा सके। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया और बड़ी संख्या में पुलिस बल को क्षेत्र में तैनात किया गया। देर रात तक चले बवाल के बाद दीपावली की सुबह एक बार फिर से ग्रामीणों ने जयनगर थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों युवक की मौत के लिए दोषी पुलिसकर्मियों, लाठी चार्ज करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ ही मृतक के परिजन के लिए मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे में स्थिति संभालने के लिए कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से चर्चा कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण कार्रवाई नहीं होने तक पीएम नहीं कराने की जिद पर अड़े हुए थे। इस दौरान एसडीएम शिवानी जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच व मुआवजा का आश्वासन दिया गया जिसके बाद 12 बजे आंदोलन समाप्त हुआ जिसके बाद शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया।



थाना के सामने आगजनी कर किया विरोध प्रदर्शन, इनसेट में मृतक।



ग्रामीणों को समझाते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक।

## कैबिनेट मंत्री ने बंधाया ढांढस

कुएं में गिरने से युवक की मौत के बाद मृतक बाबूलाल का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इसके साथ ही इस घटना के बाद कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मृतक के घर पहुंच शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और निष्पक्ष जांच कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों के आंदोलन की सूचना पर पूर्व संसदीय सचिव पारस नाथ राजवाड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने भी आंदोलन स्थल पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी बातों को सुना व प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### अंधेरे में भागने के दौरान हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि घटना दिवस को मुखबिर की सूचना पर पुलिस थाने के ठीक पीछे चल रहे शिव मंदिर तालाब के पास जुए के फड़ में रेड करने पहुंची तो पुलिस को देख जुआ खेल रहे करीब डेढ़ दर्जन लोग इधर उधर बचकर भागने लगे। जुआ खेल रहे लोगों में से कई शराब के नशे में थे। पुलिस रेड से बचने के लिए भागने के दौरान ही कुंजनगर निवासी 21 वर्षीय बाबूलाल आ. चंदर राजवाड़े बिना मुंडेर के कृष्णपाल राजवाड़े के कुएं में गिर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस स्टाफ ने युवक को कुएं में गिरे हाल में छोड़कर वहां से चली गई,वहीं घायल पड़े युवक के समय रहते पानी भरे कुएं से बाहर नहीं निकल पाने से उसकी मौत हो गई। यदि समय रहते घायल पड़े युवक बाबूलाल को कुंए से बाहर निकाल लिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

## पुलिस ने दर्ज किया बलवा का मामला

इस घटना में एएसपी, एसडीओपी, टीआई समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए है। इस घटना के बाद पुलिस ने भी अपनी ओर से जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लाठी डंडा लेकर लोगों के थाने में आने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला, आगजनी, एनएच बाधित करने सहित अन्य मामलों को लेकर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान थाने में लगा सीसीटीवी कैमरे, थाने परिसर की कई एलईडी, मर्करी लाइट, वाटर कूलर, स्टॉपर, बैरीकेट सहित थाने के दो दरवाजे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और जांच के बाद उनके ऊपर कार्रवाई होगी।

### अपर कलेक्टर करेंगे जांच

इधर इस घटना को लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मजिस्ट्रियल जांच के लिए टीम गठित कर अपर कलेक्टर जगरनाथ वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर के नेतृत्व में इस घटना की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। थाना में मौजूद महिलाओं व ग्रामीणों के ऊपर किस पुलिस अधिकारी के निर्देश पर लाठीचार्ज किया गया इसकी भी जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### श्रेष्ट योजना अंतर्गत वर्ष 26-27 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**बलरामपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ (स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरियाज) योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत निजी विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना, पिछले तीन वर्षों के दौरान कक्षा 10वी और 12वी में कम से कम 75 उत्तीर्ण प्रतिशत, तथा कक्षा 9वी और 11वी में अतिरिक्त (कम से कम 10) अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) के माध्यम से कक्षा 9वी और 11वी में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वी तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

### सीजी आइडिएथॉन में 29 तक ऑनलाइन आवेदन

**अम्बिकापुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि राज्य में नवाचार एवं स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने हेतु सीजी आइडिएथॉन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं में सृजनात्मकता और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हुये उनके अभिनव विचारों की पहचान कर उन्हें राज्य की नवाचार एवं स्टार्टअप परिस्थितिकी से जोड़ना है। इस हेतु इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन 29 अक्टूबर तक सीजी आइडिएथॉन पोर्टल में जाकर कर सकते हैं। उन्होंने जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को पत्र जारी कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने प्रोत्साहित करने कहा है।

### मैनपाट से उतरते समय पलटा पिकअप, ग्रामीण घायल

**अंबिकापुर।** गोवर्धन पूजा मनाकर लौट रहे ग्रामीणों की पिकअप पलट गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

बताया जा रहा है कि बुधवार को गोवर्धन पूजा के लिए संत समाज के लोग मैनपाट के सुपलगा गए हुए थे। दिनभर पूजा पाठ करने के बाद सभी पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 7583 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान मैनपाट घाट उतरने के दौरान चालक ने पिकअप से नियंत्रण खो दिया और पिकअप सड़क किनारे पलट गया। इस घटना के बाद घायलों में चीख पुकार मच गई। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे सांसद चिंतामणि महाराज ने वाहन से नीचे उतरकर घायलों का हाल चाल जाना और उन्हें दरिमा के नवानगर अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

# पटवारी ने महिला की जमीन बेचने के नाम पर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 14 लाख रुपए लेकर वसूले, जब नहीं हुई जमीन की रजिस्ट्री को खुला ठगी का राज

सरगुजा में पटवारी द्वारा दूसरे की जमीन को धोखे से बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी हल्का पटवारी ने एक बुजुर्ग महिला के जमीन के दस्तावेज के आधार पर खुद ही सौदे बाजी कर ली और एडवांस में रुपए भी ले लिया लेकिन बाद में जमीन रजिस्ट्री करने से मुकर गया। अब इस मामले में जांच उपरान्त पटवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि धौरपुर के करौली निवासी मुनेश्वर राम पैकरा के मित्र शिक्षक अनुक दास को करौली के ही हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का ने एक जमीन बिक्री की जानकारी दी थी। पटवारी ने बताया था कि करौली निवासी हिरमनिया खसरा नंबर 203 में रकबा 0.124 हेक्टेयर भूमि को बेचना चाहती है। उसने जमीन बिक्री के लिए 16 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में मुनेश्वर राम पैकरा, शिक्षक अनुक दास व शिक्षक सूर्यदेव तिग्गा ने मिलकर रुपए की व्यवस्था की और पटवारी जीवन प्रकाश एक्का को 16 दिसम्बर 2024 को 9 लाख रुपए एडवांस दिया था। इस दौरान हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का और भूमि विक्रेता हिरमनिया के नाम पर 50 रुपए के स्टांप पर पर लिखा पढ़ी भी की गई थी। इसके साथ ही महिला हिरमनिया की तबीयत खराब होने का हवाला लेकर उपचार के नाम पर फिर से 5 लाख 12 हजार 950 रुपए लिया गया था और उसी स्टांप पर खाली स्थान में रुपए लेने की बात लिखकर हस्ताक्षर किया गया था। 14 लाख रुपए से अधिक की राशि लेने के बाद भी जब जमीन उनके नाम नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पटवारी से संपर्क किया लेकिन वह टालमटोल करता रहा। महीनों तक पटवारी द्वारा परेशान किए जाने के बाद ग्रामीण उक्त भूमि स्वामी के पास पहुंचे जिसके बाद इस ठगी के खेल का खुलासा हुआ। महिला पटवारी ने मुनेश्वर राम, शिक्षक अनुक दास व सूर्यदेव को बताया कि वो अपना जमीन नहीं बेचना चाहती है और ना ही उसने पटवारी को उसके जमीन का सौदा करने के लिए बोला है। ऐसे में ठगी का एहसास होने पर ग्रामीण व शिक्षकों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी पटवारी ने महिला से धोखे से उसके जमीन के दस्तावेज लिए थे और उसी दस्तावेज के आधार पर आरोपी ने महिला की जमीन के नाम ठगी करने की योजना बनाई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हल्का पटवारी लुंड्रा सिलसिला निवासी 38 वर्षीय जीवन प्रकाश एक्का आ. निर्मल एक्का को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का के पास से स्टांप व अन्य दस्तावेज को जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर अश्वनी दीवान, महिला आरक्षक ज्योति पैकरा, आरक्षक प्रदीप बखला, हरिकिशन, पंकज देवांगन सक्रिय रहे।



### आत्महत्या से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस, बीमारी से जूझ रहे थे बुजुर्ग

# बुजुर्ग ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग, हुई मौत

**अंबिकापुर।** बुधवार को शहर के नमनाकला में रहने वाले एक बुजुर्ग ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग में पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि 85 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा प्रसाद पटेल शहर के नमनाकला तुलसी चौक के समीप किराए के मकान में रहते थे। बुधवार की सुबह 11 बजे बुजुर्ग के कमरे से चीख पुकार सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। बुजुर्ग आग की लपटों में घिरे हुए थे। ऐसे में मकान मालिक ने पानी डालकर आग बुझाई लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। इस घटना की सूचना मिलने पर दुर्गा पटेल का पुत्र अजय पटेल और बहु घर पहुंचे। अजय पटेल निजी कंपनी में काम करते है जबकि उनकी पत्नी नर्सिंग का काम करती है। बुधवार की सुबह 10 बजे दोनों काम पर चले गये थे। संभावना जताई जा रही है कि बुजुर्ग ने खुद पर पेट्रोल डालकर माचिस मारा है। बुजुर्ग के आत्महत्या के कारणों का अबतक पता नहीं चल सका है लेकिन मृतक के पुत्र का कहना है कि दुर्गा प्रसाद पटेल को स्वांस की बीमारी थी और पहले ही दोनों पैर टूट चुके है। उनका उपचार अस्पताल में चल रहा था और मंगलवार को ही अस्पताल से डिस्चार्ज कराया गया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस से फोरेंसिंक टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस को घटना स्थल पर पेट्रोल की खाली बोतल मिली है। उनके कुर्ते की जेब में माचिस की तिल्ली भी मिली है। बुजुर्ग को कैथेटर और आईबी भी लगा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है इसके साथ ही मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।



### कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों मौत हो गई। बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल तो युवक को निजी अस्पताल में कराया गया था भर्ती। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अमल भिट्ठी निवासी भगवती राजवाड़े आ. स्व. भुनेश्वर राजवाड़े (13 वर्ष) 21 अक्टूबर की शाम घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सरगवां निवासी लहोरे सिंह आ. फूल सिंह (37 वर्ष) पिछले 12 साल से कैंसर बीमार से पीड़ित था। गत दिन नशे की हालत में कीटनाशक पीकर घर पहुंचा और शोर मचाने लगा। जिस पर बेटी अंजू सिंह ने घटना की जानकारी मां पार्वती को बताई। पत्नी घर आई तो देखा पति उल्टी कर रहा है। वहीं पास में कीटनाशक का पाउच देख अस्पताल जाने की बात कही लेकिन पति अस्पताल जाने से मना कर दिया। कुछ समय बाद पति के अचेत हो जाने पर पत्नी ने मां व भाई के साथ निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।



### एक पखवाड़े से हाथी मचा रहे तबाही, रौंदी 70 किसानों की फसल

# 15 हाथियों का दल ग्रामीणों के लिए बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

धान की फसल तैयार होने के साथ ही हाथियों का उत्पात बढ़ गया है। हाथी पिछले एक पखवाड़े से विभिन्न गांवों में धान की तैयार फसल को रौंद रहे हैं। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है।

क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से सक्रिय 15 हाथियों का दल ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। हाथी पूरे दिन गुरूघासी दास नेशनल पार्क में आराम करते हैं तथा शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में घुसकर तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। नेशनल पार्क के भीतर निवासरत ग्रामीणों को अपनी जान बचाने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। इन ग्रामीणों को न तो हाथियों के मौजूदगी की नही उनके भ्रमण की सूचना मिलती है जिसके कारण रतजगा करने के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं है। क्षेत्र में पिछले चार महीनों से लोनर दंतैल लगातार तबाही मचा रहा है। धान की फसल तैयार होने के बाद लोनर दंतैल की तबाही बढ़ गई है। इधर एक पखवाड़े से 15 हाथियों का दल अलग-अलग गांवों में धान की फसल को रौंद रहा है। हाथी नेशनल पार्क के भीतर निवासरत ग्रामीणों की फसल तो तबाह कर ही रहे हैं शाम ढलते ही पार्क से बाहर निकलकर अलग-अलग गांवों में पहुंच जा रहे हैं। क्षेत्र के अधिकांश किसान वर्षा आधारित धान की फसल पर निर्भर हैं। हाथियों द्वारा धान की तैयार फसल तबाह करने से ग्रामीणों को भविष्य की चिंता सता रही है। हाथी एक पखवाड़े में ही 70 किसानों की धान की फसल को पूरी तरह तबाह कर दिए हैं। हाथियों के भय से किसान अपनी फसल की कटाई तक नहीं कर पा रहे हैं। नेशनल पार्क के भीतर निवासरत ग्राम जुड़वनिया, बसनारा एवं मोहरसोप के ग्रामीणों तक को वनकर्मी हाथियों के भ्रमण की जानकारी नहीं दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पार्क के बाहर निकलने पर रेगुलर के वनकर्मी हाथियों को निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को भी जागरूक कर रहे हैं। हाथियों का दल ग्राम बसनारा, मोहरसोप, कछिया, खैरा, पड़वारी, करौरी, पड़वार, जुड़वनिया, महुली में लगातार धान की फसल को रौंद रहे हैं।



# बाजार गए बालक का अपहरण कर मांगी 10 हजार की फिरौती

- अपचारी बालक समेत दो को किया गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** नाबालिग का अपहरण कर 10 हजार रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रघुनाथ नगर थाना के बलंगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनिसार ग्राम कोगवार निवासी 36 वर्षीय रामदास यादव आ. रामनेवाज यादव का 15 वर्षीय पुत्र नीतीश यादव 20 अक्टूबर को ग्राम कोगवार बाजार गया हुआ था। इस दौरान शाम 6 बजे युवक के पुलिस मनीष के मोबाइल नम्बर पर फोन नीतीश ने ने फोन कर बताया कि दुलेश्वर यादव व सहित अन्य ने उसका अपहरण कर लिया है और 10 हजार रुपए मांग रहे है। इस दौरान दुलेश्वर ने नाबालिग से फोन छीनकर पिता को धमकी दी कि यदि रुपए नहीं मिले तो बच्चे को जान से मार देंगे। बेटे के अपहरण और फिरौती का फोन आने के बाद दशहत में आए रामदास यादव ने अपने मामा राम भजन से ऑनलाइन दस हजार रुपए की फिरौती उनके खाते में भेजा। गनीमत रही की रुपए मिलने के बाद आरोपियों ने किशोर को छोड़ दिया। युवक ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम करमडीहा निवासी दुलेश्वर यादव आ. गोविन्द यादव के साथ ही एक अपचारी बालक को बीएनएस की धारा 140(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### भाई दूज का पर्व आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक पर्व भाई दूज 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। यह पर्व दिन की बेला में मनाया जाता है।

### मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 से प्रारंभ की गई यह योजना देशभर के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (एनईटीएस) आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से कक्षा 9 वीं और 11 वीं में विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा उन्हीं विद्यालयों में पूरी करते हैं। शिक्षा एवं छात्रावास का समस्त व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है, विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क का 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रावधान भी है। वर्ष 2026-27 के लिए एनईटीएस परीक्षा का आयोजन दिसंबर 2025 में संभावित है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 10 से 30 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक खुला रहेगा तथा सुधार विंडो 1 से 2 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी।

#### शहर में आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने ग्राम बड़े साल्ही में हुए दोहरे हत्या कांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व 7 नग जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों को महाराष्ट तक पीछा कर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी में सुरेश ठाकुर उर्फ बबलू उर्फ कानपुरिया पिता स्व. राम भांकर उम्र 38 वर्ष निवासी विनोबा नगर चौकी बालपुर, थाना सिवाली, जिला कानपुर देहात उत्तरप्रदेश, हाल मुकाम खड़गवां कोलपारा, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। प्रदीप बैरागी पिता स्व. हरिदास उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सेमर खापा, थाना मंडला मध्यप्रदेश। सहदेव सूर्यवंशी पिता करण साय सूर्यवंशी उम्र 37 वर्ष निवासी ठगगांव छुहाईपारा, थाना खड़गवां, जिला एमसीबी छग के हैं। इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोरिया पुलिस ने इनका जुलूस शहर में निकाला। विदित हो कि बीते 14 अक्टूबर 2025 की रात बचरापोंडी चौकी को सूचना मिली कि

- महाराष्ट्र तक पीछा कर पुलिस ने किया 3 आरोपियों को गिरफ्तार



खुलासा करते एसपी।



जब्त जिंदा कारतूस और हथियार।

ग्राम बड़े साल्ही में रायराम केंवट के घर में आग लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि घर पूरी तरह जल चुका था। रायराम की आग से जलकर मृत्यु हो गई थी, जबकि उसकी पत्नी पार्वती बाई गंभीर रूप से झुलस गई थी और इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस जांच में मृतक के दामाद सुरेश ठाकुर उर्फ कानपुरिया का नाम सामने आया, जिसने अपने साथी प्रदीप बैरागी के साथ मिलकर पेट्रोल डालकर रायराम को जिंदा जला दिया। घटना के बाद दोनों फरार हो गए थे। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा एसडीओपी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में बैकुंठपुर कोतवाली, चौकी पोड़ी बचरा और सायबर सेल के अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि आरोपी सहदेव सूर्यवंशी ने दोनों आरोपियों को घटना के बाद छिपने में मदद की थी। सायबर टीम के सहयोग से आरोपियों का लोकेशन महाराष्ट के नागपुर तक मिला। निरीक्षक विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महाराष्ट से लगातार पीछा किया और रतनपुर-कटघोरा के मध्य मुख्य आरोपी सुरेश ठाकुर और प्रदीप बैरागी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरोपी से देशी कट्टा व 7 जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (होण्डा लीवो क्रमांक यूपी 77 एक्स-3746) बरामद की गई। कोरिया पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 348/2025 धारा 103 (1), 109 (1), 326 (छ), 332 (ए), 3 (5), 249, 61 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बैकुंठपुर निरीक्षक बिपिन कुमार लकड़ा, सायबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, चौकी पोड़ी बचरा के उपनिरीक्षक अब्दुल मुनाफ, महेश कुशवाहा, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, आरक्षक दीपक पांडेय, नवीन साहू, अमरेशानंद, शिवम सिन्हा, सजल जायसवाल, समीर जायसवाल, इलियास कुजूर, राजेश रगड़ा, मनोज पांडेय, राघवेन्द्र पुरी, रौशन एक्का एवं रेंज सायबर थाना सरगुजा से आरक्षक कुंदन सिंह और सुयश पैकरा का विशेष योगदान रहा।

# चार दिन तक छठमय रहेगा कोरिया जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूर्य उपासना का महान लोकपर्व छठ पूजा इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। कोरिया-एमसीबी जिले के शहरी इलाकों में चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व की रौनक देखते ही बनती है। नदी-तालाबों, घाटों और तालाब किनारों की साफ-सफाई, सजावट और प्रकाश व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासनिक की तैयारियां जोरों पर हैं।

छठ महापर्व की शुरूआत शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ हुई, जिस में श्रद्धालुओं ने घरों की शुद्धि कर पवित्र भोजन ग्रहण किया। दूसरे दिन रविवार 26 अक्टूबर को खरना के अवसर पर व्रतियों ने गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया। इसी शाम से ही व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। तीसरे दिन यानी 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य के साथ व्रतीजन डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि चौथे दिन 28 अक्टूबर की प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ पर्व का समापन होगा। इस अवसर पर कोरिया-एमसीबी जिले के बैकुंठपुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, चरचा, खड़गवां, पटना और

- सर्यू उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर



तैयार हो रहा छठघाट।

**ये हैं छठ पूजा के कार्यक्रम**

25 अक्टूबर- नहाय खाय
26 अक्टूबर- खरना, लोहड़ा
27 अक्टूबर- संध्या अर्घ्य
28 अक्टूबर- प्रातःकालीन अर्घ्य

सोनहत क्षेत्र के प्रमुख तालाबों व घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ जुटेगी। नगर पालिका और ग्राम पंचायतों की ओर से घाटों की साफ-सफाई, साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने विशेष गश्ती की व्यवस्था की है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी घाटों के पास तैनात रहेंगी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में गीत गाती हुई बांस की सुपलियों में ठेकुआ, केला, नारियल, नींबू, गन्ना, सूप, सिंघाड़ा और विविध फलों से सजे प्रसाद के साथ घाटों की ओर रुख करेंगी। जिले में कई जगहों पर सामूहिक छठ घाटों का निर्माण किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

न्याया:- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

उ.प्र.क्र.-32/2025
प्रो.न.- 554/25
आगामी पेशी तिथि:-03/11/2025

1. अनुज कुमार विश्वास आ. आशित वरण विश्वास, आयु लगभग 35 वर्ष, निवासी केदमा, पो. केदमा, थाना व तह. उदयपुर जिला- सरगुजा छ.ग.
2. प्रेरणा विश्वास आ. आशित वरण विश्वास, पति आशिष कुमार विश्वास आयु लगभग 34 वर्ष. निवासी बनारस रोड, भगवानपुर थाना गांधीनगर, तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
3. काजल विश्वास आ. आशित वरण विश्वास पति महेन्द्र कुमार, आयु लगभग 30 वर्ष निवासी- रिंग रोड जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सामने, दर्रीपारा, अम्बिकापुर, थाना व तह. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.
4. निपा मांझी आ. आशित वरण विश्वास, पति सुभाष मांझी, आयु लगभग 27 वर्ष, निवासी- वार्ड न.4 राजपुर, थाना व तह. लैलूंगा, जिला रायगढ़ छ.ग.

-------आवेदकगण
-:प्रति:-
1. शाखा प्रबंधक छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
2. आम जनता। -------अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सर्व साधारण आम जनता निवासी केदमा, पो. केदमा, थाना व तह.- उदयपुर, जिला-सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का बाद प्रस्तुत कर अपनी माता स्व. स्मिता विश्वास पत्ति स्व. आशित वरण विश्वास की मृत्यु दिनांक 13/07/2023 को होना बताते हुए स्व. स्मिता विश्वास के मृत्यु उपरांत छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, उदयपुर, जिला सरगुजा छ.ग. में बचत खाता क्र.- 7004218742 जिसमें जमा राशि 12,013,10/- रूपये एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 03/11/2025 को नियत है।

अतः इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. स्मिता विश्वास के मृत्यु उपरांत छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, उदयपुर, जिला सरगुजा छ.ग. में बचत खाता क्र.- 7004218742 जिसमें जमा राशि 12,013,10/- रूपये एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 03/11/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदकगण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 14.10.2025 को जारी किया गया।

(पल्लव रघुवंशी)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202510020700092/
विषयः- अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2025-2026
जगदीशपुर (प ह.न. 00025),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-शिवमंगल,
अनावेदक पक्षकार-बिरहुली
सनमेत,

ईश्तहार

आवेदक शिवमंगल पिता अमृत निवासी ग्राम जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम जगदीशपुर स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.114 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार बिरहुली का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

# दीपों की रौशनी से जगमगाया शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की गलियों से लेकर गांवों तक दीपों, फुलझड़ियों और मुस्कुराते चेहरों से सजा दीपोत्सव भक्ति, आनंद और सौहार्द का प्रतीक बना रहा। सोमवार को दीपावली का पर्व जिलेभर में धूमधाम, उल्लास और आस्था के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों, झालरों और फूलों से सजाना शुरू कर दिया था।

शाम ढलते ही नगर की गलियां, चौक-चौराहे और मकान दीपों की जगमग रोशनी में नहा उठे। घर-घर में धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद लोगों ने आतिशबाजी कर दीपोत्सव की रात को और भी रोशन बना दिया। दीपों और विद्युत झालरों की रोशनी से पूरा कोरिया-एमसीबी जिला आलोकित हो उठा। हर घर में सजे दीयों की कतारें, रंग-बिरंगे बल्बों की चमक और फुलझड़ियों की जगमगाहट से शहर का हर कोना रौशन हो गया। दीपावली के अवसर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में भी धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों द्वारा बताए गए शुभ मुहूर्त और स्थिर लग्न में पूजन किया, ताकि मां लक्ष्मी का स्थायी निवास बना रहे। ज्योतिष विद्वानों के अनुसार चौघड़िया और लग्न की अनुकूल दशा में किया गया पूजन विशेष फलदायी माना गया। देर रात तक घरों और दुकानों में आरती, दीप प्रज्जवलन और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

- शुभ मुहूर्त में हुई मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना, आसमान में छाई आतिशबाजी की चमक



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



बनाई गई रंगोली।

### रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र

दीपावली के दिन घरों के सामने रंगोली बनाने की परंपरा इस बार भी पूरी श्रद्धा और उत्साह से निभाई गई। महिलाओं और बच्चियों ने सुबह से ही रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियां बनाकर घरों की सुंदरता बढ़ा दी। कहीं देवी-देवताओं के चित्र तो कहीं पुष्पों और ज्यामितीय आकृतियों वाली रंगोलियां बनाई गऱ्इं, जिनमें रंगों की चमक और कला की सुंदरता देखने लायक थी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों और अस्पताल स्टाफ के साथ मनाई दीपावली



अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री।

**बैकुण्ठपुर।** दीपावली की संध्या के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एमसीबी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां पहुंचकर मरीजों और उनके परिजन तथा अस्पताल स्टाफ के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री जायसवाल ने मरीजों और उनके परिजन तथा अस्पताल स्टाफ को फल एवं मिठाई वितरित की। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ मिलकर दीप प्रज्जवलित कर दिपावली का उत्सव मनाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बीमार व्यक्तियों की सेवा और उनका मनोबल बढ़ाना मेरे लिए दिपावली को सार्थक बनाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ईएनटी डॉ. चौहान ने बचाई मासूम की जान

**बैकुण्ठपुर।** मानवता और पेशे के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश करते हुए जिला अस्पताल बैकुंठपुर में पदस्थ चिकित्सक डॉ. योगेन्द्र चौहान ने एक मासूम बच्ची की जान बचाई। जानकारी के अनुसार जामपानी निवासी जगतपाल की ढाई वर्षीय बच्ची प्रियंका ने खेलते-खेलते एक सिक्का निगल लिया, जिससे परिजन में अफरा-तफरी मच गई। बच्ची को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, तो घबराए हुए परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलते ही डॉ. योगेन्द्र चौहान ने बिना देर किए आपातकालीन विभाग पहुंचकर उपचार प्रारंभ किया। डॉक्टर की कुशलता और तत्परता से बच्ची के गले में फंसा सिक्का सफलतापूर्वक निकाल लिया गया।

# पुलिस स्मृति दिवस : अमर शहीदों के बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देश की सुरक्षा, शांति और जनसेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में रक्षित केन्द्र मैदान बैकुंठपुर में पुलिस स्मृति दिवस 2025 का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया गया।

समारोह में पुलिस बल के जवानों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरी भावनाओं के साथ शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:45 बजे हुआ तथा संपूर्ण परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर द्वारा किया गया, जिन्होंने शहीद परेड एवं शोक शस्त्र की कार्रवाई का निर्देशन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह को अनुशासित ढंग से संपन्न कराया। शहीद स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक भईयालाल रजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम उमेश पटेल, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, उप पुलिस अधीक्षकगण श्यामलाल मधुकर, जेपी भारतेन्दु, नेल्सन कुजूर, राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, तथा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण एवं काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त राय आ. स्व. हरेन्द्रनाथ निवासी साईबाबा कॉलेज रोड वार्ड क्रमांक 03 बंगालीपारा फुन्दुरडिहारी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नंबर 495/1 रकबा 0.346 हे. भूमि को अनावेदक विकास कुमार मिश्रा आ. अवधेश मिश्रा निवासी ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रुपये 49,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर विक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.11.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.ए.बी. (मैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. एस.सी.ई (मैस्ट्रो)
श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
26 अक्टूबर 2025, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.प्रज्ञा ओझा MBBS, DGO (OBS & GYN) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ.इति गुप्ता MBBS, DDV, FAD (Mumbai) त्वचा, बाल, नाखून एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.मनीष गुप्ता BDS, DCC, DMT, LAS (Mumbai) दंत चिकित्सक एवं स्किन कॉस्मेटोलॉजिस्ट

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट मंत्री ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 में अटल परिसर एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल रहे। उन्होंने सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अटल जी के विचार, उनकी नीतियां और देश के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद राकेश साहू, राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सुरेंद्र साहू, विकास रामायण दुबे, शमीम खान, कामेश्वर राजवाड़े, महेश्वर राजवाड़े, शिवराज सिंह, सनी बंसल, सुरेश साहू, सचिन अग्रवाल, राकेश साहू, अमित बारी सहित अन्य मौजूद थे।

### दीपावली के अवसर पर स्कूल प्रांगण में जला एक दीया शिक्षा के नाम



**सीतापुर।** दीपावली अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार झा की पहल से इस वर्ष स्कूल प्रांगण में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया गया। इस दौरान पूरे विकासखंड में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अपने निकटतम विद्यालय प्रांगण में जाकर एक दीया शिक्षा के नाम प्रज्वलित किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामवासी व अन्य विद्यार्थियों को भी एक दीया शिक्षा के नाम का जलाने को प्रेरित किया। जिला शिक्षाधिकारी का यह प्रयास तब सार्थक होता नजर आया जब विद्यालय के आस-पास निवासरत विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया। इसके अलावा विकासखण्ड के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भी अपने विद्यालय में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया। जबकि जो विद्यालय से दूर निवासरत थे वो अपने निकटतम विद्यालय में जाकर बड़े उत्साह के साथ एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया।


### माउंट लिट्रा जी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली उत्सव



**अम्बिकापुर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल दीपावली उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपमालाओं, रंगोलियों और सजावट से सुसज्जित था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वीर कुमार और कनक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में राम, लक्ष्मण और सीता ने सभी का मन मोह लिया। छात्रा ऋतंभरा पांडेय ने भाषण देकर दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला। समूह भजन गीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने एक छोटा नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। उच्च वर्ग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 एवं 2 के नन्हे बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। छात्रा आद्या गौतम ने दीपावली पर प्रेरक भाषण दिया। छठ पूजा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने सांस्कृतिक विविधता का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक केपी दीक्षित एवं उत्तम सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को ज्ञान और सद्भाव फैलाने का प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम के संचालन में मार्गदर्शन प्रदान किया और बच्चों को सदाचार, सहयोग एवं सृजनशीलता के मूल्य अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान निधि टोप्पो, संध्या एक्का, रिया गुप्ता, सत्यम पोद्दार, गौरव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली पर हुई प्रतियोगिता

**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तृतीय से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय द्वारा अनेकता में एकता, धरती माता की रक्षा, प्रकृति की सुंदरता, कला और संस्कृति, शांति और सद्भावना तथा उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा जैसे थीम निर्धारित किए गए थे। विद्यार्थियों ने अपनी नन्ही कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से आकर्षक एवं मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, टीम भावना और सृजनशीलता का विकास करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर अमृत कुमार कुजूर, उप प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम, प्रधानपाठिका सुश्री प्रभा टोप्पो तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं उपस्थित रहीं।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन करने थी योजना

# जांच रिपोर्ट ऑनलाइन करने की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों व परिजन को राहत देने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दो साल पूर्व सभी वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन जोड़ने की न सिर्फ योजना बनाई बल्कि कई वार्ड व जांच कक्ष में उपकरण लगाए गए। हैरानी की बात यह है कि उपकरण लगाए दो साल से अधिक हो गए बावजूद इसके आज तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑन लाइन रिपोर्ट की व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में मरीज समेत परिजन को ऑनलाइन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और पुराने ढर्रे में ही विभिन्न जांच की व्यवस्था संचालित है।

**खास बातें**

- उपकरण लगने के दो साल भर बाद भी शुरू नहीं हो सकी ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा
- मरीज समेत परिजन की बढ़ी परेशानी, पुराने ढर्रे में हो रहा संचालन



दो साल पूर्व लगाए गए उपकरण का जायजा लेते पूर्व अधीक्षक।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले के अलावा अन्य जिलों से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल उपचार कराने पहुंचते है और परिजन ओपीडी में पर्ची कटवाने के पश्चात मरीज की जांच कराते है। चिकित्सक जांच करने के पश्चात कुछ मरीजों की हालत गंभीर होने पर वार्ड में भर्ती कर देते है जबकि अन्य मरीजों को दवा लिखकर नियमित खाने की सलाह देकर भेज देंते। इधर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन चिकित्सकों द्वारा लिखे गए विभिन्न जांच कराने के बाद जांच रिपोर्ट के लिए जांच कक्ष का चक्कर लगाते है। ऐसे में समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिलने से न सिर्फ मरीज के उपचार में देरी होती है बल्कि परिजन को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरीज सहित परिजन को राहत देने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल की भांति दो साल पूर्व जरूरी उपकरण विभिन्न जांच कक्ष के अलावा विभिन्न वार्ड में इंस्टॉल कराया। हैरानी की बात यह है ई सेवा के लिए उपकरण लगाए दो साल से अधिक हो गए बावजूद इसके आज तक ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुरू नहीं हो सकी और पुराने ढर्रे ही विभिन्न जांच रिपोर्ट की व्यवस्था संचालित है जो परिजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। मामूली ब्लड सैंपल, यूरिन सहित अन्य जांच के लिए परिजन को मशक्कत करनी पड़ती है। जांच रिर्पोट के अभाव में चिकित्सक भी मरीज का आगे का उपचार नहीं कर पाते। ऐसे में मरीज का उपचार में देरी होती ही है साथ ही परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय पर मरीज के उपचार नहीं होने से परिजन निजी संस्था में उपचार कराना बेहतर समझते है। जिस तरह से अस्पताल प्रबंधन विभिन्न वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन करने का कार्य कर रहे है वैसे मे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रबंधन की इस योजना अस्पताल में शुरू होने में काफी लंबा समय लग सकता है और ऐसा ही रहा तो महत्वपूर्ण योजना ठंडे बस्ते में जा सकती है।

### परिजन को मिलती राहत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हो जाने से मरीज समेत परिजन को काफी राहत मिलती। मरीजों के न सिर्फ बेड पर सैंपल लेने की सुविधा उपलब्ध हो जाती बल्कि उनका रिपोर्ट पर कुछ समय पश्चात ऑनलाइन वार्ड के स्टाफ नर्स के पास उपलब्ध होती। ऐसे में ब्लड, यूरिन सहित अन्य जांच रिपोर्ट के लिए परिजन को मशक्कत करने से काफी राहत मिलती और कतार में लगने से छुटकारा मिलता।

### स्टाफ की समस्या

अस्पताल प्रबंधन द्वारा जांच कक्ष के अलावा लगभग सभी वार्ड में उपकरण लगा दी गई जिसे ऑपरेट करने के लिए स्टाफ की जरूरत है। अधिकांश वार्ड के स्टाफ नर्स भी ऑनलाइन जांच रिपोर्ट से बचने के लिए वार्ड में ऑनलाइन सुविधा नहीं चाहते। अस्पताल प्रबंधन की माने तो जांच रिपोर्ट शुरू होने के बाद अलग से रिपोर्ट निकालने के लिए स्टाफ की जरूरत पड़ेगी जो वर्तमान में नहीं है।

### प्रयास जारी है

एनएमसी से सॉफ्टवेयर की स्वीकृति नहीं मिली है जिस कारण अस्पताल में ऑनलाइन जांच रिपोर्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। जांच कक्ष से वार्ड में ऑनलाइन रिपोर्ट उपलब्ध हो इसके लिए प्रयास जारी है।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक



गो वंश का पूजा करते कार्यकर्ता।

## गोवर्धन पूजा पर गौशाला में विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. शिशिरकांत पांडेय के मार्गदर्शन में गौवर्धन पूजा के अवसर पर आज गौ सेवा आयोग समिति के अध्यक्ष आशीष केशरी, जिला गौ सेवा समिति सदस्य विनोद गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, बिगन सिंह, राजकुमार दयाल, अंकित कलवार, विकासखंड स्तरीय अध्यक्षों, उपसंचालक प्रतिनिधि डॉ. अनीस सोनवानी, पशुधन विकास विभाग रामचंद्रपुर के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. एसएस सेंगर, डॉ. एमएस मरकाम शंकरगढ़, एवं रामचंद्रपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत देवगई के आदर्श गौशाला एवं कल्याण संस्थान देवगई एवं श्याम श्यामा गौ सेवा समिति देवीगंज में मनोज गुप्ता, जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, जिला कृषि स्थाई सभापति बद्री यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, गौशाला संचालक आनंद चौबे, अध्यक्ष देवकुमार सिंह, बजरंग दल के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर गौशाला के गौवंश का विधि विधान से पूजन कर गुड़, चना खिलाया गया। साथ ही गौ सेवा समिति की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पशु चिकित्सा सह पशुधन जागृति शिविर भी लगाया गया। बैठक में गौधाम संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई। साथ ही गौशाला के पशुओं का उपचार, मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम लिक्विड औषधी तथा अन्य बीमारियों की औषधियां का वितरण कर आवश्यक टीकाकरण कार्य किया गया। साथ ही पशुधन विकास विभाग में संचालित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### रिटायरमेंट के बाद भी कम्पनी क्वार्टर नहीं छोड़ने वाले पूर्व कोल कर्मियों को नोटिस

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने ड्यूटी से रिटायरमेंट के बाद भी लंबे समय से क्वार्टर को अपने कब्जे में रखकर प्रबंधन को सुपुर्द नहीं करने वाले दर्जन भर से अधिक पूर्व कोल कामगारों को नोटिस जारी कर संबंधित आवास को अविलंब खाली कर प्रबंधन को सुपर्द करने हेतु निर्देशित किया है, अन्यथा कभी भी बेदखली कार्यवाही शुरू करने की चेतावनी दी गई है,प्रबंधन के सुरक्षा अमले द्वारा पिछले दिनो जारी की गई नोटिस में संबंधित कब्जेदारो को नोटिस तामिल कराई गई है जो कब्जेदार आवास में नहीं मिले उनके घर के बाहर नोटिस चस्पा कर उसकी फोटो और वीडियोग्राफी कराई गई है,सम्पदा अधिकारी से जारी हुए नोटिसों में क्वार्टर नंबर वन बी 245 के शिव नाथ यादव,वन बी 35 के बिंदु गुप्ता, वन सी 57 जसविंदर सिंह भामरा,वन सी 35 जयंत कुमार मंडल,वन बी 11 एलपी गिरी, वन सी 86 प्रेम सिंह,वन बी 112 अशोक स्वाई,वन बी 111 नित्यानंद स्वाई,वन बी 18 प्रकाश बी,वन बी 25 के श्याम घोषाल के नाम शामिल है।



## हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिशिचत करना उद्देश्य : भारत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बेटियां अगर समृद्ध होंगी तो प्रदेश में खुशहाली आएगी, प्रदेश की सरकार छात्राओं को पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम आगे बढ़ा रही है। उक्त बातें भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिसोदिया ने शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं के छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। विद्यालय में सुविधा विस्तार और विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण हेतु प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने एवं नियमित रूप से विद्यालय आने की बात कही। कार्यक्रम को एसएमडीसी अध्यक्ष रमेश जायसवाल, पार्षद विकास पांडे, निलेश सिंह, ने भी संबोधित किया। प्राचार्य श्रीमती स्नेह लता ने बताया कि इस वर्ष कक्षा नवमी के छात्राओं को 56 नग साइकिल वितरण किया जा रहा है। अतिथियों ने स्थानीय स्तर पर आयोजित विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के 130 बच्चों ने भाग लेकर 30 मॉडल बनाया था। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती कल्पना मिश्रा ने किया।

- पुलिस लाइन स्कूल में किया गया साईकिल का वितरण



ज्ञापन सौंपते संघ के सदस्य।

## चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने चार सूत्री मांगों को लेकर बीरपुर में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में 2016 से कार्यरत अतिथि शिक्षक विद्या मितान व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता के समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है। संघ की मांग है कि समस्त राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षक विद्या मितान का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन समायोजन किया जाए, समान कार्य समान वेतन पद के समक्ष मूल वेतनमान प्रदान किया जाए। राज्यस्तरीय अतिथि शिक्षकों को शासकीय कर्मचारियों के समान अवकाश की पात्रता प्रदान की जाए व ग्रीष्मकालीन अवधि का नियमित मानदेय प्रदान किया जाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मांग को पूरा किया जाएगा और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से इस संबंध में चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उनकी मांगों के संबंध में कार्य किया जाएगा।

संघ ने बताया कि भाजपा सरकार ने 2016 में सरगुजा और बस्तर में विद्या मितान को हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में रखा था, लेकिन आज तक इनका भविष्य सुरक्षित नहीं है। अतिथि शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राज यादव, हसनैन खान, दीपेंद्र राजवाड़े, विकास गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजू पासवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जनपद उपाध्यक्ष ने छठ घाट का लिया जायजा



**राजपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां इस समय पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही हैं। नगर के उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर अस्थायी छठ घाटों के निर्माण और सजावट का कार्य जोरों पर चल रहा है। मंगलवार को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों के साथ स्थल पहुंचकर घाट की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने समिति के सक्रिय सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी वर्षों से निष्ठा और समर्पण भाव से छठ पर्व के लिए अस्थायी घाट और अन्य सुविधाएँ तैयार करते आ रहे हैं। प्रशासनिक सहयोग की कमी के कारण अब तक स्थायी छठ घाट का निर्माण नहीं हो पाया था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जल्द ही स्थायी घाट निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को हर वर्ष बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने समिति को भरोसा दिलाया कि जनपद पंचायत और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से छठ घाट को आकर्षक और सुरक्षित बनाया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य भानु प्रजापति, आनंद मेहता, प्रवीण गुप्ता, दुर्गेश जायसवाल, सोनू सिंह, राजू गोस्वामी, रवि सोनी, संजीव गुप्ता, अंकुर गुप्ता और विश्वास गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोरगवा निवासी महेन्द्र सिंह कोराम उर्फ दिलबोध आ. जगरनाथ (27 वर्ष) कन्या परिसर रोड निवासी राजेन्द्र के घर में काम करता था। 20 अक्टूबर को वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# छठ घाटों का प्रेमनगर विधायक ने निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल समेत आसपास इलाके में सूर्यषष्ठी छठ महापर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं,छठ घाटों को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रेमनगर विधायक ने आज विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

- साफ-सफाई के दिए निर्देश, लगेंगे स्वागत द्वार

गौरतलब है कि दीपावली पर्व के बाद कोयलांचल समेत आसपास इलाके में सूर्यषष्ठी छठ महापर्व को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट व गोरखनाथपुर रेण नदी किनारे स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। यहां पर प्रेमनगर विधायक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट के तालाब के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। रात में रुकने वाले श्रृद्धालुओं की आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति की जाए, अलाव की व्यवस्था की जाए, आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग व साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने गोरखनाथपुर रेण नदी किनारे स्थित छठ घाट में श्रद्धालुओं के बेहतर लाइटिंग व्यवस्था, अलाव व सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराए जाने की जिम्मेदारी नपं शिवनंदनपुर, ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर, एसईसीएल प्रबंधन को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,इंजी. विनय सिंह, राजेश यादव,रामानंद जायसवाल, कृष्णा गोयल बल्लू, रितेश जायसवाल, भगवान मिश्रा, शंकर यादव, महेश जायसवाल, दीनानाथ सिंह, सूरज शेट्टी, अवनीश सिंह, अंकित सिंह चौहान, नपं बिश्रामपुर से अरविंद यादव व अन्य उपस्थित थे।



घाट का निरीक्षण करते विधायक व अन्य।

### छठ पूजा की तैयारी जोरों पर, अध्यक्ष ने घाटों का किया निरीक्षण

**रामानुजगंज।** नगर में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने नगर के सभी 7 छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नप अध्यक्ष ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और जलस्तर की स्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर के राम मंदिर घाट पर छठ पूजा की विशेष भव्यता देखने को मिलती है। इस बार नदी में जल स्तर को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही थी, क्योंकि एनीकट के दो गेट नहीं खुले थे, जिससे पर्याप्त रेत नहीं आ पा रहा था। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मौके पर पहुंचे और जल संसाधन विभाग के अनवर खान एवं नरेंद्र विश्वकर्मा के प्रयासों से दोनों गेटों को खुलवाया गया। इससे घाटों पर रेत की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी है। रामानुजगंज में छठ पूजा की परंपरा विगत कई दशकों से चली आ रही है। यहां छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, चिकित्सा और पार्किंग व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका, पार्षदों तथा छठ पूजन समितियों के सहयोग से समन्वित रूप से तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी हैं। घाटों की साफ-सफाई, रोशनी एवं श्रद्धालुओं के लिए अन्य व्यवस्था समुचित व्यवस्था की जा रही



## खबर संक्षेप

### मुस्कान का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर में

**अम्बिकापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक की रासेयो स्वयंसेविका मुस्कान सिंह का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए किया गया है।



शिविर 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक धर्मशाला में संचालित होगा। मुस्कान छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सीएसवीटीयू की प्रतिभागी के रूप में करेंगी। इस शिविर में पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग जैसी विविध साहसिक गतिविधियां संचालित होंगी जिसमें देशभर से चयनित रासेयो स्वयंसेवक भागीदारी करेंगे। प्राचार्य आरजे पाण्डेय ने मुस्कान सिंह को शुभकामनाएं दी है।

### डॉ. शुक्ला को राष्ट्रपति के हाथों मिला उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर का पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव 2025 में सहायक आयुक्त, आदिवासी



विकास अम्बिकापुर के डॉ. ललित शुक्ला को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर (आदि कर्मयोगी अभियान) के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान में उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रशिक्षण एवं जनजातीय नेतृत्व को सशक्त बनाने के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई को आरंभ किए गए आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य भारत में जनजातीय समाज के लिए एक मजबूत, उत्तरदायी और सहभागी शासन प्रणाली विकसित करना है। इसे विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो कैडर आधारित मॉडल और अंतर-विभागीय अभिसरण पर केंद्रित है। इस अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदायों के अंतिम छोर तक शासन, योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

**सूरजपुर।** एग्रीस्टेक किसान पंजीयन, गिरदावरी सत्यापन और धान पंजीयन रकबा के संबंध में आज कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा सभी



एसडीएम व तहसीलदार की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनआईसी सभा कक्ष में समीक्षा की गई। उन्होंने क्रमवार सभी तहसीलदारों से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की अद्यतन जानकारी ली व कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने पटवारी व तहसीलदार स्तर पर सत्यापन व अनुमोदन के लिए शेष पंजीयन को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में नहीं हुआ है, उनकी सूची ग्राम पंचायत व सहकारी समितियों में चस्पा कराने के निर्देश दिए ताकि बचे हुए किसान शीघ्र पंजीयन करा सकें। साथ ही किसी कारणवश यदि कृषक बंधुओं का पंजीयन नहीं हो पा रहा है तो उनके सही कारण उन्होने सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए ताकि एनआईसी को सही वस्तु स्थिति से अवगत कराकर निराकरण प्राप्त किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र किसान का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से संपर्क स्थापित कर पंजीयन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सोनगरा में मनाया गया जोन स्तरीय करमा महोत्सव



**सोनगरा।** सोनगरा जोन में करमा महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें इस जोन के सकलपुर, श्यामनगर, सोनगरा, मायापुर, शंकरपुर सहित इत्यादि जगह के प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं कर्मा नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी, कार्यक्रम के विकासखंड नोडल अधिकारी रंजय सिंह, सरपंच सोनगरा कृष्णा सिंह, सरपंच श्यामनगर आशा सोनहा, सरपंच सकलपुर सुमति कोराम, सरपंच मायापुर 2 सोमारसाय सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो अनुराग द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, सचिव गोविंद यादव, होलसाय, तन्नू खान, पारस सिंह, मोहित नेताम सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### 25 अक्टूबर से पूरे सप्ताह चलेगी रायपुर, बिलासपुर के लिए फ्लाइट

# चार महीने बाद दिवाली के दिन पहुंची फ्लाइट, दो दिन खाली उड़ा विमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चार महीने के लंबे अंतराल के बाद अंततः फ्लाई बिग ने दिवाली के दिन बिना अग्रिम सूचना दिए बिलासपुर एवं रायपुर की उड़ान शुरू कर दी। आवश्यक तैयारियां किए बिना फ्लाइट शुरू होने के कारण फ्लाई बिग का पायलट दो दिनों तक खाली जहाज को दौड़ाता रहा।

**खास बात**

- दृश्यता कम होने का हवाला देकर 14 जून से बंद थी उड़ान

शासन द्वारा सरगुजा को हवाई सफर की सुविधा के रूप में दी गई बड़ी सौगात छह महीने भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी। शासन द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को इस बड़ी सौगात की शुरूआत की गई थी जो 14 जून को बंद हो गई थी। इस बीच सेवा प्रदाता कंपनी ने स्वयं द्वारा जारी शेड्यूल का भी ठीक तरीके से पालन नहीं कर सकी। इस बीच कई बार बिना सूचना उड़ाने रद्द हुई वहीं बीच-बीच में कई बार फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। कई बार फ्लाइट में तकनीकी खामी होने के कारण तो कई बार दूसरे मार्ग पर फ्लाइट की खानापूर्ति करने के कारण उड़ान प्रभावित रही। इस बीच बारिश प्रारंभ होने पर फ्लाई बिग ने दृश्यता कम होने का हवाला देकर फ्लाइट को ठप कर दिया। प्रारंभ में दृश्यता कम होने का हवाला देकर कंपनी एक सप्ताह 10 दिनों तक फ्लाइट बंद रखने की सूचना देती थी लेकिन 19 अक्टूबर के पूर्व लगभग चार महीनों तक कभी फ्लाइट नहीं चली। ठीक दिवाली के दिन सुबह जब अचानक रायपुर से खाली फ्लाइट पहुंची तो एयरपोर्ट के कर्मचारी हैरान रह गए। आधे घंटे बाद खाली फ्लाइट बिलासपुर के लिए रवाना हुई तथा खाली ही वापस लौटी। शाम में रायपुर की फ्लाइट भी खाली गई। दूसरे और तीसरे दिन भी पायलट खाली जहाज को दौड़ाता रहा। फ्लाइट चलाने को लेकर फ्लाई बिग कितनी गंभीर है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कंपनी ने एयरपोर्ट में टिकट काउंटर खोले बिना ही हवाई जहाज को उड़ाना शुरू कर दिया। इस गलती का अहसास होने के बाद कंपनी ने दूसरे दिन टिकट काउंटर खोला। हालांकि अभी यात्रियों को फ्लाइट शुरू होने की जानकारी नहीं है। फ्लाई बिग ने इसके लिए कोई पहल भी शुरू नहीं की है।



**पूरे सप्ताह चलेगी जहाज**

बताया जा रहा है कि फ्लाई बिग ने अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर पूरे सप्ताह फ्लाइट चलाने की अनुमति मांगी है। डीजीसीए ने 25 अक्टूबर से पूरे सप्ताह फ्लाइट चलाने की अनुमति देने का आश्वासन दिया है। डीजीसीए ने एक सप्ताह तक फ्लाइट चलाने स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति के अनुसार 20 अक्टूबर से फ्लाई बिग सोमवार से गुरूवार तक फ्लाइट चला रही है। कंपनी को शुक्रवार से रविवार तक फ्लाइट चलाने की अनुमति पूर्व में ही मिल चुकी है। फ्लाई बिग 25 अक्टूबर को नए शेड्यूल के अनुसार पूरे सप्ताह बिलासपुर एवं रायपुर फ्लाइट चला सकती है।

**रायपुर के लिए दो फेरे**

पूर्व में रायपुर से अम्बिकापुर पहुंचने के बाद बिलासपुर के लिए एवं बिलासपुर से लौटने के बाद रायपुर के लिए फ्लाइट चलती थी। नए शेड्यूल में फ्लाई बिग ने शाम को रायपुर के लिए दो फेरे लगाने का निर्णय लिया। सुबह शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट नहीं चल रही है। कोहरा होने के कारण रायपुर की फ्लाइट 10 बजे की बजाय 11.45 बजे पहुंच रही है जिससे रायपुर का अंतिम फेरा लगाने में समस्या हो रही है। नए शेड्यूल में रायपुर से अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर से रायपुर दोनों फ्लाइट को फ्लाई बिग निरस्त कर सकती है। फ्लाई बिग उड़ान को व्यावसायिक रूप देने की कोशिशें नहीं कर रही है तथा शासकीय अनुदान को हासिल करने पर पूरी तरह निर्भर हो गई है। फ्लाई बिग यात्रियों का विश्वास अर्जित करने के लिए भी कोई पहल नहीं कर रही है।

**पूरे सप्ताह चलेगी फ्लाइट**

फ्लाई बिग 20 अक्टूबर से फ्लाइट चला रही है। 25 अक्टूबर से नए शेड्यूल के अनुसार पूरे सप्ताह फ्लाइट चलेगी।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट, दरिमा



## 4.65 करोड़ रुपए की लागत से होगा महाविद्यालय भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

क्षेत्र के युवाओं को कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री की पहल पर क्षेत्र में महाविद्यालय के नवीन भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 4.65 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भवन का मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया।

- कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया भूमि पूजन

बता दें कि छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार के 2003 में लखनपुर में शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रारंभ हुआ था परंतु भवन के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिलने से यह कॉलेज उदयपुर चला गया। भवन के अभाव में शासकीय नवीन महाविद्यालय उधार के आईटीआई भवन में संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों की मांग पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 करोड़ 65 लाख शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 21 अक्टूबर दिन को शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परदेस के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बृज किशोर पांडे अन्य अतिथि मौके पर मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान उपरांत लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि हमारा विजन है कि क्षेत्र के बच्चों को एक ही कैंपस में कक्षा पहली से स्नातक तक की शिक्षा मिल सके और इससे लोगों को भी रोजगार से जोड़ा जा सके। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री सचिन अग्रवाल, लक्ष्मण साहू, मोरध्वज सिंह, चेतन राजवाड़े, सरपंच, उप सरपंच, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी, ठेकेदार सतीश अग्रवाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** पति द्वारा मारपीट करने से गंभीर हुई महिला की अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना के



बाद आरोपी पति फरार था। पुलिस के मुताबिक भट्ठापारा निवासी नीरज देवांगन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पड़ोस में रहने वाली फुलकुंवर उर्फ दरोगिन के मकान में अतवार सिंह तथा उसकी पत्नी मंगली बाई किराए में रहते है। 19 अक्टूबर की रात लगभग 10.30 बजे फुलकुंवर बताई कि उसके यहां किराए में रहने वाले मंगली एवं उसका पति अतवार दोनों रात में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। पूरी रात हल्ला गुल्ला सुनाई दिया है। इस बीच अतवार कहीं चला गया जबकि उसकी पत्नी मंगली बाई सुबह उठी नहीं है तो पड़ोस की महिलाओं के साथ वहां गई देखी की मंगली बेहोश थी जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सागरपुर निवासी अतवार सिंह आ. रामरती (38 वर्ष) को भट्ठापारा से पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पत्नी रात में खाना नहीं बनाई थी जिससे नाराज होकर मारपीट कर हत्या किया है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा जब्त किया है।

## नशीले इंजेक्शन के फरार सप्लायर को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

फरार नशीली इंजेक्शन फरार सप्लायर को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार है। पुलिस ने इसस पूर्व में 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के नशीली इंजेक्शन के साथ विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया था।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नशीली इंजेक्शन के विक्रेता राही खान के कब्जे से 48 नग नशीली इंजेक्शन एवं सप्लायर मोहरमनियां, पवन पाटिल व 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा। मोहरमनिया के कब्जे से 252 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया गया। मामले में 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के कुल 300 नग नशीली इंजेक्शन जब्त करते हुए विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक सहित 4 के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। इस मामले में एक आरोपी श्रवण कुमार फरार था जिसकी पतासाजी की जा रही थी। चौकी बसदेई पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर फरार आरोपी झिलमिली



थाना अंतर्गत ग्राम जमड़ी निवासी श्रवण कुमार आ. स्व. मानसाय (22 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक को जब्त किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक अलका टोप्पो, आरक्षक देवदत्त दुबे, निलेश जायसवाल, अशोक केंवट, अनिल विश्वकर्मा, अशोक सिंह, रामकुमार सिंह व महिला आरक्षक पूनम सिंह सक्रिय रही।

## नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर नगदी समेत जेवरात किए पार

**बिश्रामपुर।** ग्राम करतमा में दीपावली के दूसरे दिन एक मकान में नकाबपोश चोरों ने घुसकर नगदी समेत जेवरात चुरा ले गए हैं,जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करतमा निवासी निरोज सिंह पिता स्व.उमेश सिंह के घर में मंगलवार की शाम करीब साढ़े छह बजे 4-5 नकाबपोश लोगों ने धावा बोल दिया,यहां से आरोपियों ने मकान के ऊपरी तल में प्रवेश कर अलमारी में रखे



कपड़ों को बाहर नीचे फेंक दिया, इसके बाद निचले तल में प्रवेश कर अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे पांच हजार रुपए नगद समेत सोने के कान का दो झुमका, सोने का मंगलसूत्र एक नग, एक बड़ा पाजेब, एक छोटा पाजेब, तीन जोड़ी पायल, एक नग मांगटिका, एक नथिया, एक सोने का जीवतीया, करीब तीन जोड़ी बिछिया, तीन जोड़ी पायल को चोरी कर ले गए हैं,बताया जा रहा है कि घटना के दौरान घर के सदस्य दूसरे कमरे में थे और आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया, बाहर में खेल रहे बच्चों ने एक नकाबपोश आरोपी को देख शोर मचाया,तब तक आरोपी मौके से फरार हो गये,मामले की सूचना जयनगर थाना में प्रार्थी निरोज सिंह द्वारा दे दी गई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में निरोग आयुर्वेदिक थीम पर संगोष्ठी

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम पर संगोष्ठी कार्यक्रम करें योग रहे निरोग का आयोजन किया गया,समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य अमित सिंह बनाफर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन नोडल अधिकारी शालिनी शांता कुजूर एवं रेड क्रॉस नोडल अधिकारी भरत लाल कंवर ने किया,मुख्य अतिथि डॉ योगेश पाण्डेय आयुर्वेद विशेषज्ञ पीएचसी कमलपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष सिंह आर्युवेद विशेषज्ञ पीएचसी उपस्थित रहे,कार्यक्रम में डॉ योगेश पाण्डेय ने मौसम के अनुरूप भोजन करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया ताकि हम स्वस्थ रह सकें,अपने दिनचर्या को परिवर्तित करके हम किस प्रकार स्वस्थ व निरोगी रह सकते हैं,इसके बारे में विस्तार से बताया गया,



नियमित व्यायाम,सूर्योदय से पहले उठना,समय पर भोजन लेना,भोजन के नियम, समय पर सोना इन सभी के बारे में उन्होंने जानकारी दी,आंवला के महत्व के बारे में बताया कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट का गुण होता है, जो बुढ़ापे को रोकने के काम आता है,सिल्वर के बर्तन का उपयोग धीरे-धीरे कम करने और उसकी जगह लोहे एवं स्टील के बर्तनों का उपयोग करने के बारे में कहा,डॉ संतोष सिंह ने कहा कि आहार संशोधन,जीवन शैली में संशोधन एवं परहेज करके हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसके बारे में उन्होंने विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से हर एक महीने में कैसे भोजन करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में बताया,उचित समय पर भोजन करने से स्वास्थ्य का संवर्धन होता है।कार्यक्रम में डॉ प्रेमलता एक्का,अंजना,आशीष कौशिक,डॉ गीता सोनी,जफीर,वीरेंद्र सिन्हा,ताराचंद्र साहू,अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता,हेमंत नाविक,जयकुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर सिलफिली स्थित 10वीं वाहिनी छसबल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, आईजी दीपक कुमार झा, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा व अन्य अधिकारियों ने वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस की टुकड़ीयों द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। पूरे भारत मे 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक कर्तब्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के नाम का स्मरण कर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, गणमान्य नागरिक, एवं शहिद परिवार जनों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। गौरतलब है कि वर्ष 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे तभी से प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को देश के कोने-कोने में दिवंगत शूरवीरों की स्मृति में पुलिस शहीद दिवस पर परेड़ का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अतिथियों ने शहीद के परिजन से मिलकर उनका हाल चाल जाना व शहीद के परिजन से हर संभव मदद व हर पल उनके साथ खड़े होने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर सुरजपुर एस जयवर्धन, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, संभागीय सेनानी नगर सेना राजेश पाण्डेय, सेनानी 10वी वाहिनी छस बल सिलफिली प्रशांत कतलम एवं सरगुजा, सूरजपुर जिले के राजपत्रित अधिकारी सहित शहिद के परिजन व स्थानीय पत्रकारगण सहित आम नागरिक उपस्थित रहें।

- कैबिनेट मंत्री, सांसद, आईजी सहित अन्य अधिकारी हुए शामिल

**पुलिस स्मृति दिवस पर याद किए गये शहीद गौतम राजवाड़े**

**लखनपुर।** विकासखंड के शासकीय उमावि लटोरी में पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीर शहीद गौतम राजवाड़े के माता-पिता एवं बड़े भाई व स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान वीर शहीद गौतम राम राजवाडे की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बता दें कि 19 फरवरी को सुकमा के गादीरास दुधीराज में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ में गोली लगने से गौतम राजवाड़े शहीद हो गए थे। शहीद गौतम राजवाड़े ने शाश्कीय उमावि लटोरी से अपनी पढ़ाई की थी इस लिए प्रतिवर्ष पुलिस स्मृति दिवस अपर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है और उन्हें साहस से युवाओं को परिचित कराया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर स्कूल प्राचार्य बीएन प्रसाद के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें उपस्थित अतिथियों के द्वारा शहीद वीर गौतम राम के साहस का परिचय कराते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कई कवियों ने कविता के माध्यम से वीर शहीद गौतम राम के स्मृति में कविता प्रस्तुत की। वहीं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बीडीसी श्रीमती रंजनी पैकरा, एसएमडीसी अध्यक्ष कार्मेंद्र राजवाड़े, एसपी जायसवाल, बीडी सिंह, देवेंद्र नाथ दुबे, विनोद तिवारी, अनिल तिवारी, शिवराज सिंह, मनोज महंत, राकेश कुमार पांडे, जीएस राजवाड़े, विशाल, माखन, जगन, बाबूनाथ सहित अन्य मौजूद थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411